# सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा कृषि सूचना

**संदीप कुमार रस्तोगी[1], डॉ. सुनिल कुमार[2], डॉ. बी. एस. राठौड[3]**

**संदीप कुमार रस्तोगी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, (कृषि प्रसार)**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, गूंता-बानसूर, अलवर, राजस्थान**
**संपर्कः फोनः M: 09875211834,**
**ई मेलः sanon78@gmail.com**



कृषि एवं पशुपालन आज भारतीय कृषि का एक अहम हिस्सा है। इन क्षेत्रों में आनेवाली विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतू आज सूचना प्रौद्योगिकी अपना विशेष स्थान सुनिश्चित कर रहा है। सूचना प्रोधोगिकी का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं पशुपालन सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान को किसानो तक पहुंचाना एवं सम्बन्धित समस्याओं का तुरन्त समाधान करना है।

इसी के मद्देनजर आज भारत सरकार द्वारा "डिजिटल इंडिया" कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह कि प्रत्येक गांव को इन्टरनेट के माध्यम से जोडा जा सके एवं हर एक वर्ग को सूचना तकनीक का लाभ मिल सके।

आज सूचना तकनीक के माध्यम से किसान बुवाई से लेकर पौध संरक्षण, रसायनिक उर्वरको का उपयोग, कीटनाशी दवाओं का प्रयोग, खरपतवारनाशी से जुडी विभिन्न जानकारियों को बहुत ही जल्दी एवं आसानी से प्राप्त कर सकते है।

कृषि क्षेत्र में किसानो के हित के लिए सूचना प्रोधोगिकी का इस्तेमाल द्वारा अनेकों सेवाएं प्रदान की जा रही है जिसका उपयोग कर किसान भाई कृषि एवं पशुपालन सम्बन्धित अपनी जानकारी, आमदनी व लाभ आसानी से बढा सकते है।

**1. किसान कॉल सेन्टरः-** किसान कॉल सेन्टर भारत सरकार द्वारा संचालित किसानों के हित के लिए एक निशुल्क फोन सेवा है जिसका नम्बर 18001801551 है। यहां से किसान भाई निशुल्क कॉल कर अपनी समस्याओं का समाधान आसानी से प्राप्त कर सकते है साथ ही एस. एम. एस. द्वारा भी कृषि सम्बधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते है।

**2. ई. चौपाल:-** ई. चौपाल भारत के आई. टी. सी. कम्पनी द्वारा संचालित किसानो को कृषि सम्बन्धित सेवाऐ प्रदान करने के लिए कार्यरत है जहां पर किसान भाई अपने जरूरत के अनुरूप सूचना जैसे कि कृषि संयन्त्र, मौसम एवं फसलों आदि के बाजार भाव आसानी से प्राप्त कर इंटरनेट के माध्यम से इनकी खरीद बिक्री भी कर सकते है।

**3. ई. कृषिः-** सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि में उभर रहा यह एक नवीतम तकनीक है जहां किसान कृषि सम्बन्धित जानकारी के साथ-साथ वैज्ञानिक सलाह भी प्राप्त कर सकता है। इस तंत्र में किसानों को विभिन्न सोशल वेबसाइटस जैसे कि फेसबुक, व्हाटसअप आदि के जरिये किसानो को एक समूह मे जोडा जाता है और इस समूह में पहलें से जुडे विभिन्न क्षेत्रो के कृषि वैज्ञानिक एव सलाहाकार किसानो को उनकी समस्या का ऑन लाईन समाधान देते है।

**4. किसान सुविधाः-** यह सुविधा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोंदी द्वारा 21 मार्च 2016 को किसान के हित के लिए शुरू किया गया है। ताकि किसान भाई इस एप्लिकेशन द्वारा कृषि सम्बन्धित जानकारी, नजदीकी मंडियो के भाव एवं कृषि क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न विषय विषेषज्ञों की राय व सलाह अपने स्मार्टफोन के माध्यम से प्राप्त कर सके।

इस एप्लिकेशन को संचालित करने की विधिः- इस एप्लिकेशन का इस्तेमाल करने के लिए किसान भाई अपने स्मार्टफोन के माध्यम से mkisan.gov.in पर जा कर या google play store से इस एप्लिकेशन को हिन्दी या इंग्लिश भाषा में डाउनलोड कर सकते है। डाउनलोड करने के बाद अब आप अपना फोन नम्बर राज्य, जिला, ब्लाक एवं गांव का नाम डालकर इसे एक्टिवेट कर इसका संचालन कर सकते है। संचालन करते हुए अब आपको यह ध्यान देना होगा कि कौनसी सूचना हमे कहां से जल्दी प्राप्त हो सकती है। जैसे माना कि आपके मौसम सम्बन्धित जानकारी चाहिए तो इसके लिए आप जहां मौसम सम्बन्धित जानकारी देने वाला बटन को क्लिक करना है। इस बटन के माध्यम से आप यह जान पायेगें कब ओले पडेगें व कब बारिश आयेगी या अगले कुछ घंटो में मौसम का क्या मिजाज रहेगा। साथ ही कृषि उत्पाद की मण्डियों में सही कीमत क्या है या मण्डियों में क्या भाव चल रहा है। इसकी जानकारी हेतु आप “फसलों के बाजार भाव“ वाला बटन दबाये। यहां आपको मण्डियों के उचित भाव मिलेगें जिसे जानकर आप अपनी उत्पाद का सही आंकलन लगा कर तुरन्त बेच भी सकते है।

अगर आपके फसलों में आनेवाली समस्या जैसे कि बीमारियों, कीडों, खरपतवार आदि के बारे में सलाह चाहिए तो आप कृषि सलाह वाली बटन पर क्लिक कर राज्य के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों एवं जिले में कार्यरत कृषि विषेषज्ञों से तुरन्त सलाह ले सकते है। इसके लिए आपको विश्वविधालय एवं जिले में जाने की जरूरत नही होगी।

किसान सुविधा एप्लिकेशन इतना सरल है कि आप यहां किसी भी दवा, खाद एवं यंत्र की कीमत घर बैठे ही देख व प्राप्त कर सकते है। साथ ही यहां पर उपलब्ध दुकानदारों के फोन नं. से आप उनसे सीधे सम्पर्क कर किसी भी कृषि सम्बधित सामान का भाव जान सकते है। कीमत का पता लगाने के बाद आप यह जान जायेगें की कौन सा दुकानदार मंहगा सामान दे रहा है और कौन सस्ता।

**5. पूसा कृषि एप्लिकेशन (Pusa krishi app): -** इस एप्लिकेशन को डाउन लोड करने के बाद किसान भाई किसी भी फसल के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही वे अपनी जलवायु के अनुरूप

कृषि EXPERT

पैदा होने वाली विभिन्न फसलों के बारे में जानकारी जैसे कि फसल प्रबन्धन एवं बाजार मुल्य आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**6. एम. किसान एप्लिकेशन (m kisan app):** इस एप्लिकेशन का इस्तेमाल बगैर इसमें रजिस्टर्ड हुये किसान भाई कर सकते है। यहां कृषि क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्ग दर्शन प्राप्त कर किसान अपनी खेती में सुधार ला सकते है।

**7. शीतकारी मासिक एप्लिकेशन (shetkari masik app):** इस एप्लिकेशन के द्वारा किसान भाई बगैर इन्टरनेट के इस पत्रिका को आसानी से पढ़ सकते है। यह पत्रिका 1965 से महाराष्ट्र सरकार के कृषि विभाग द्वारा किसानो के लिए प्रकाशित किया जाता है जो किसानों के बीच आज भी काफी लोकप्रिय है।

**8. फार्म-ओ-पेडिया एप्लिकेशन (farm – o – pedia app):** यह एप्लिकेशन किसान भाईयों को कृषि एवं पशुपालन सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रदान कराता है। यह एप्लिकेशन उन लोगों के लिए ज्यादा फायदेमन्द है जो कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में व्यवसाय कर रहे है। इस एप्लिकेशन के माध्यम से मिट्टी एवं मौसम के आधार पर किसी भी फसल की विस्तृत जानकारी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है और पशु सम्बन्धित नई-नई तकनिको को जान कर अपना दुध उत्पादन बढाया जा सकता है।

**9. फसल बीमा एप्लिकेशन (crop insurance app):** इस एप्लिकेशन के माध्यम से किसान भाई अपने क्षेत्र के आधार पर बीमित फसल की राशी एवं बीमा राशी का सही आंकलन कर सकते है ताकि वे किसी बिचैलियों के झासे से बच सके। यहां पर सब्सिडी सम्बन्धित जानकारी भी प्राप्त किया जा सकता है।

**10. एग्री मार्केट (agri market app):** इस एप्लिकेशन के माध्यम से किसान भाई अपने क्षेत्र के 50 किलो मीटर के दायरे में स्थित विभिन्न मण्डीयों के भाव अपने मोबाईल पर आसानी से प्राप्त कर सकते है। भाव जानकर निर्णय लिया जा सकता है किस मण्डी में अपनी उत्पाद को बेचना चाहिए और कहां नही। अगर मण्डी भाव मन मुताबिक नही है तो आप कुछ समय का इन्तजार कर मनचाहे भाव मिलने पर अपने उत्पाद को को बेच सकते है।

## लेखक विवरण


1. संदीप कुमार रस्तोगी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, (कृषि प्रसार), कृषि विज्ञान केन्द्र, गूंता, बानसूर, अलवर (राजस्थान), संपर्कः **फोनः** M: 09875211834, **ई मेलः** sanon78@gmail.com
2. डॉ. सुनील कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, (पादप संरक्षण), कृषि विज्ञान केन्द्र, गूंता, बानसूर, अलवर (राजस्थान), संपर्कः **फोनः** M: 08502825470, **ई मेलः** sunilphd09@gmail.com
3. डॉ. बी. एस. राठौड़, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, गूंता, बानसूर, अलवर (राजस्थान), संपर्कः **फोनः** M: 09979798424, **ई मेलः** bhagwat80@gmail.com


==============================================================